# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2020–21/ दिनांक : 18.8.2022

1. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा,
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
   पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा अभियान,
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक,
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं
   ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी,समग्र शिक्षा अभियान,

**विषय :–** **इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत E-MIAS Portal पर सत्र 2022–23 के लिए विद्यार्थियों हेतु ऑनलाईन नॉमिनेशन प्रारंभ करवाने हेतु दिशानिर्देश।**

**प्रसंग :–** राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान–भारत, (NIF),Gandhinagar (Gujarat) का पत्र क्रमांक 1378074 दिनांक 05.08.2022 एवं विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 01/01/2019–IAM दिनांक 21.06.2022 एवं संयुक्त शासन सचिव शिक्षा(ग्रुप–2) विभाग के पत्रांक – प.18(01)शिक्षा–2/2022 जयपुर, दिनांक 19.07.2022 एवं इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 05.07.2022

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रांसगिक पत्रों के कम में लेख है कि विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, नई दिल्ली एवं National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar(Gujarat) द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के स्कूली विद्यार्थियों (आयुवर्ग 10–15 वर्ष) में सृजनात्मक/नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge) का संचालन किया जा रहा है। यह योजना देश भर से स्कूली विद्यार्थियों के ऐसे श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक विचारों को सम्बल प्रदान करती है जो कि समाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हैं। प्रासंगिक पत्रों द्वारा सूचित किया गया है कि E-MIAS (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पोर्टल पर वर्ष 2022–23 हेतु विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन नॉमिनेशन प्रारम्भ करने की **दिनांक 01 जुलाई, 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक निर्धारित की गई है।**

वर्ष 2022–23 में राज्य को सम्पूर्ण देश में इन्सपायर अवार्ड ऑनलाईन नॉमिनेशन में प्रथम स्थान पर ही रखने के लिए इस वर्ष के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। **परन्तु आज दिनांक तक ऑनलाईन नॉमिनेशन अधिकांश जिलों की प्रगति न्यून है।** अतः इस निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाना अपेक्षित है।

आप अपने जिले/ब्लॉक के (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित विद्यालयों) के संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें इस हेतु निम्नांकित बिन्दुओ का विशेष ध्यान रखें :–

1. सत्र 2022–23 के Online Nomination 01 July,2022 से आरंभ किए जा चुके हैं अतः समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थी का ऑनलाईन नॉमिनेशन (www.inspireawards-dst.gov.in) उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक नवाचारी विचार की गुणवत्ता/श्रेष्ठता के आधार पर किया जावे न कि उसके द्वारा परीक्षाओं में अर्जित प्राप्तांकों के आधार पर तथा प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक विचारों को E-MIAS web portal (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पर अपलोड करके अनिवार्य Final Submit /Forward करना सुनिश्चित करें एवं साथ ही समाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हों।

2. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय अपने अधीनस्थ संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे और स्वयं भी ध्यान रखें कि E-MIAS पोर्टल पर विद्यार्थियों के ऑनलाईन आइडिया को भलीभांति जांच करनें के उपरान्त ही आइडिया को Approve करें, जो आइडिया मौलिक/सृजनात्मक हो, साथ ही आइडिया इन्टरनेट या यूटयुब या किसी आउटसोर्स करने वाली संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा उपलब्ध करवाये हुए नहीं होने चाहिए।

3. विद्यार्थियो को ऑनलाईन नॉमिनेट करते समय उसके द्वारा प्रस्तुत सृजनात्मक/नवाचारी विचार का सारांश (Synopsis) अपलोड करना आवश्यक है। यह सारांश word या pdf format मे हो सकता है। इसको अपलोड न करने की स्थिति मे विद्यार्थी के नवाचारी विचार का चयन योजना मे नही किया जा सकेगा ।

4. **संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपने विद्यालय में एक शिक्षक को इन्सपायर प्रभारी नियुक्त किया जावे जो कि इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना से सम्बधित सम्पूर्ण गतिविधियों के संचालन हेतु उतरदायी होगा।**

आप अपने अधीनस्थ समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित विद्यालयों) के संस्था प्रधानों को निर्देशित करें कि अंतिम दिनांक से पहले प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार ।

**प्रभारी अधिकारी**
**छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

क्रमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2020–21/ दिनांक : 18.08.2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. संयुक्त सचिव,विज्ञान एवं प्रौघोगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौघोगिकी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. संयुक्त शासन सचिव शिक्षा(ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के पत्रांक–प.18(01)शिक्षा–2/2022 दिनांक 19.07.2022 के क्रम में सूचनार्थ।
3. डॉ.विपिन कुमार,निदेशक, National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar (Gujarat).
4. महेश पटेल National Innovation Coordinator/Scientist G, National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar(Gujarat). का पत्र क्रमांक 1378074 दिनांक 05.08.2022 के कम में सूचनार्थ।
5. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।
6. रक्षित पत्रावली।
7.

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**प्रभारी अधिकारी**
**छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा / माध्य / छाप्रोप्र / सी / 60115 / इन्सपायर अवार्ड / 2020–21 / दिनांक : 05.07.2022

1. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा,
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
   पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा अभियान,
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक / प्रारंभिक,
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं
   ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी,समग्र शिक्षा अभियान,

**विषय :–** **इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत E-MIAS Portal पर सत्र 2022–23 के लिए विद्यार्थियों हेतु ऑनलाईन नॉमिनेशन प्रारंभ करवाने हेतु दिशानिर्देश।**

**प्रसंग :–** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 01 / 01 / 2019–IAM दिनांक 21.06.2022

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, नई दिल्ली एवं National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar(Gujarat)** द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के स्कूली विद्यार्थियों (आयुवर्ग 10–15 वर्ष) में सृजनात्मक / नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से **इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge)** का संचालन किया जा रहा है। यह योजना देश भर से स्कूली विद्यार्थियों के ऐसे श्रेष्ठ मौलिक / सृजनात्मक विचारों को सम्बल प्रदान करती है जो कि समाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हैं। प्रासंगिक पत्र द्वारा सूचित किया गया है **कि E-MIAS (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पोर्टल पर वर्ष 2022–23 हेतु विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन नॉमिनेशन प्रारम्भ करने की दिनांक 01 जुलाई, 2022 से 30 सितम्बर 2022 तक निर्धारित की गई है।** आप अपने जिले / ब्लॉक के **(माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित विद्यालयों)** के संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें इस हेतु निम्नांकित बिन्दुओ का विशेष ध्यान रखें :–

1. आपके जिले के वे विद्यालय जो कि E-MIAS Portal (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पर रजिस्टर्ड नहीं हैं उनके संस्थाप्रधानों को निर्देशित करें कि वे स्वयं अपने विद्यालय का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन उक्त पोर्टल पर आवश्यक रूप से तत्काल करावें। सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र का कोई विद्यालय इस प्रकिया में छूट न जाए।

   उक्त प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय के लिए U-DISE Code (Unified District Information System for Education) को अनिवार्य रूप से शामिल करने का निर्णय लिया गया, क्योकि यह एक अद्वितीय कोड (Unique Code) है जो प्रत्येक विद्यालय के लिए Unique Code होगा।

   E-MIAS Portal पर पंजीकृत (Registered) एवं अपंजीकृत (Un-Registered) समस्त विद्यालय (All Government or Private, Aided or Unaided form any National or State Education Board) पोर्टल पर अपने विद्यालय लॉगईन ID से U-DISE Code को जोड़ने एवं अपडेट करने का कार्य अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। E-MIAS Portal पर अपनी लॉगईन ID से (U-DISE Code, E-Mail Verification & Other Important details etc.) का अपडेशन एवं सत्यापन करवाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।
2. यह योजना देश भर से 05 लाख से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों से ऐसे (One Million original/Innovative ideas) श्रेष्ठ मौलिक / सृजनात्मक विचारों का लक्ष्य रखा गया है जो कि सामाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हैं।
3. सत्र 2022–23 के Online Nomination 01 July,2022 से आरंभ किए जा चुके हैं अतः समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थी का ऑनलाईन नॉमिनेशन (www.inspireawards-dst.gov.in) उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए श्रेष्ठ मौलिक / सृजनात्मक नवाचारी विचार की गुणवत्ता / श्रेष्ठता के आधार पर किया जावे न कि उसके द्वारा परीक्षाओं में

अर्जित प्राप्तांकों के आधार पर तथा प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक विचारों को E-MIAS web portal (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पर अपलोड करके अनिवार्य Final Submit /Forward करना सुनिश्चित करें एवं साथ ही समाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हो।

4. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय अपने अधीनस्थ संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे और स्वयं भी ध्यान रखें कि E-MIAS पोर्टल पर विद्यार्थियों के ऑनलाईन आइडिया को भलीभांति जांच करनें के उपरान्त ही आइडिया को Approve करें, जो आइडिया मौलिक/सृजनात्मक हो, साथ ही आइडिया इन्टरनेट या यूटयुब या किसी आउटसोर्स करने वाली संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा उपलब्ध करवाये हुए नहीं होने चाहिए।
5. विद्यार्थियो को ऑनलाईन नॉमिनेट करते समय उसके द्वारा प्रस्तुत सृजनात्मक/नवाचारी विचार का सारांश (Synopsis) अपलोड करना आवश्यक है। यह सारांश word या pdf format मे हो सकता है। इसको अपलोड न करने की स्थिति मे विद्यार्थी के नवाचारी विचार का चयन योजना मे नही किया जा सकेगा ।
6. समस्त चयनित नवाचारी विचारों के प्रस्तुतकर्ता विद्यार्थियों के बैंक खातों में विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, नई दिल्ली द्वारा रु. 10,000/- डीबीटी द्वारा जमा करवाते हुए चयनितों की सूची समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक-मुख्यालय के E-MIAS Portal लॉगिन पर उपलब्ध करवाई जावेगी। **विद्यार्थियों द्वारा उपलब्ध करवाया गया बैंक खाता चालू स्थिति में होना चाहिए।**
7. **संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर इस योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु अपने विद्यालय में एक शिक्षक को इंसपायर प्रभारी नियुक्त किया जावे जो कि इन्सपायर अवार्ड-मानक योजना से सम्बधित सम्पूर्ण गतिविधियों के संचालन हेतु उतरदायी होगा।**

आप अपने अधीनस्थ समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के (माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित विद्यालयों) के संस्था प्रधानों को निर्देशित करें कि अंतिम दिनांक से पहले प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें।

सत्यमेव जयते

**(गौरव अग्रवाल)**
**IAS**
**निदेशक**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**

क्रमांक :-शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2020-21/ दिनांक : 05/07/2022
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-
1. संयुक्त सचिव,विज्ञान एवं प्रौघोगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौघोगिकी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. डॉ.विपिन कुमार,निदेशक, National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar(Gujarat).
3. निजी सचिव, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर।
4. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।
5. रक्षित पत्रावली।

**प्रभारी अधिकारी**
**छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ**
**माध्यमिक शिक्षा राजस्थान**
**बीकानेर**